नए भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बना यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडियन स्टील एसोसिएशन की समिट में निवेशकों को दिलाया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के विकास में नया उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। शुक्रवार को होटल ताज में आयोजित इंडियन स्टील एसोसिएशन की इन्फ्रा बिल्ड समिट में मुख्यमंत्री ने स्टील सेक्टर की शीर्ष कंपनियों को भरोसा दिलाया कि उनके निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। निवेशकों को हर तरह का सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश न केवल उपभोक्ता बाजार है, बल्कि सबसे बड़ा श्रम बाजार भी है। राज्य में तेजी से हो रहे विकास कार्यों ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी के क्षेत्र में हो रही प्रगति प्रदर्शित करती है कि राज्य में निवेश एवं सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण है। इज आफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। आज निवेश मित्र के रूप में देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश के पास है। 25 अलग-अलग सेक्टर की

होटल ताज में इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

निवेश नीतियां जारी की गई हैं। प्रदेश सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मानिटरिंग 'निवेश सारथी' पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 13 एक्सप्रेस-वे संचालित और प्रस्तावित हैं। वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। आज नौ एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं, जिनमें तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं।

इंडियन स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप ओम्मन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समिट के उद्देश्यों को साझा किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इंडियन स्टील एसोसिएशन की 'अनलाकिंग स्टील पोटेंशियल इन इंडियन बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज' की नालेज रिपोर्ट को भी जारी किया। समिट में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, स्टील अथारिटी आफ इंडिया के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश, जिंदल स्टील एंड पावर के एमडी बिमलेंदु झा, टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स के एमडी आशीष अनुपम सहित स्टील व निर्माण क्षेत्र से जुड़ी अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

> यूपी में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत महाराष्ट्र जैसे दूसरे राज्यों की तुलना में कम है। यह अंतर स्टील के बुनियादी ढांचे में तेजी से प्रगति लाने के बड़े अवसर लेकर आता है। बुनियादी ढांचे एवं निर्माण कार्यों में स्टील की बड़ी मांग हो सकती है। सरकार की नीतियां और उद्यमी सोच, राष्ट्र निर्माण में स्टील उद्योग को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगी।
>
> **अमलेंदु प्रकाश**, चेयरमैन, सेल

> स्टील उद्योग को संसाधन एवं सुरक्षा के मामले में समर्थन देने के लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहे उत्तर प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाते हुए हम मिलकर यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।
>
> **आशीष अनुपम**, एमडी टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले छह वर्षों में न केवल गरीबों को 55 लाख आवास दिए हैं, बल्कि राज्य भर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ बुंदेलखंड में निर्माण कार्य से जुड़े भविष्य में विकास के अवसरों को भी पेश किया है। इससे स्टील प्रसंस्करण उद्योग एवं सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा जो वास्तव में स्टील उद्योग के लिए अच्छा संकेत है।
>
> **बिमलेन्द्र झा**, एमडी, जिंदल स्टील एंड पावर

राजधानी की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

प्रदेश में बन रहे 13 नए एक्सप्रेसवे : सीएम

राब्यू, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की आधारभूत संरचना बताया कि 13 नए एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने का काम भी चल रहा है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद व ग्रेटर नोएडा में मेट्रो संचालित हो रही है और आगरा में फरवरी 2024 तक मेट्रो का संचालन आरंभ हो जाएगा।

अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि यूपी में नवीन इकाई अगले 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। धीरज हिंदुजा ने कहा कि हमने पहली बार इसी वर्ष 10 अगस्त को यूपी में निवेश के लिए बातचीत की थी और केवल 36 दिन के भीतर सब हो गया। मुख्यमंत्री योगी की टीम की तरह ही अन्य राज्यों में भी यदि काम हो, तो उद्योग जगत का परिदृश्य ही बदल जाएगा। मुख्यमंत्री व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया।